कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/पीजी0–2020/ 1071 लखनऊ:दिनांक:30 जून, 2020

त्याग–पत्र दिये जाने के संबंध मे आवश्यक सूचना

इस कार्यालय के पत्र संख्या:–एम0ई0–3/पी0जी0–2020/1022, दिनांक 22 जून 2020 के द्वारा यू0पी0 नीट पी0जी0–2020 की प्रथम चक्र की काउन्सिलिंग से आवंटन प्राप्त प्रवेशित ऐसे अभ्यर्थी, जिन्हें आल इण्डिया कोटा की द्वितीय चक्र अथवा अन्य प्रदेश की काउन्सिलिंग के माध्यम से किसी सीट पर आवंटन हुआ है और वह यू0पी0नीट पी0जी0–2020 की प्रवेशित सीट से त्याग–पत्र देना चाहते है, तो वह आल इण्डिया अथवा अन्य प्रदेश की काउन्सिलिंग से आवंटित सीट से संबंधित आवंटन–पत्र प्रस्तुत कर नोडल सेन्टर (जहॉं पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की हो) पर त्याग–पत्र देने की तिथि **30.06.2020** तक निर्धारित की गयी थी।

उक्त के क्रम में त्याग पत्र देने की **अन्तिम तिथि 04.07.2020 को सांय 4:00** बजे तक विस्तारित की जाती है। शेष शर्ते यथावत् रहेंगी।

उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी अभ्यर्थी को त्याग–पत्र दिये जाने की अनुमति नहीं होगी। यदि अभ्यर्थी के द्वारा निर्धारित तिथि के पश्चात् त्याग–पत्र दिया जाता है, तो ऐसी दशा में जमा की गयी धरोहर धनराशि (Security Money) व शिक्षण शुल्क जब्त कर लिया जायेगा।

ह0 महानिदेशक।